आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत 2023 INDIA

अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क
INDIRECT TAXES AND CUSTOMS
GOVERNMENT OF INDIA
देशसेवार्थ करसंचय

# संपर्क सीमाएं
# भू-सीमा शुल्क स्टेशन


# Connecting Borders
# Land Customs Stations




OLD CUSTOMS HOUSE, TANK SQUARE, CALCUTTA

सीमा शुल्क आयुक्त (निवारक) कार्यालय, पश्चिम बंगाल

OFFICE OF THE COMMISSIONER OF CUSTOMS (PREVENTIVE) WEST BENGAL



JURISDICTIONAL MAP
NEPAL
Sikkim
Sherathang
BHUTAN
Darjeeling
Kalimpong
Nagrakata
Loksan
Chamurchi
Jaigaon
Fulbari
Jalpaiguri
Birpara
Kulkuli
Panitanki
NJP
Dabgram
Allipurduar
Changrabandha
Haldibari
Cooch Bihar
Assam
North Dinajpur
Bihar
Raiganj
South Dinajpur
Hili
Maldah
Mahadipur
Singhabad
BANGLADESH
Legend
International Boundary
State Boundary
Layers
Integrated Check Post (ICP)
Land Custom Station (LCS)
Railway Station (RS)
Inland Container Depot (ICD)
Jharkhand
Murshidabad
Birbhum
Paschim Bardhaman
Durgapur
Purba Bardhaman
Gede
Nadia
Ranaghat
Purulia
Bankura
Petrapole
N
W
E
S
Hooghly
North 24 Parganas
Gojadanga
Paschim Midnapur
Howrah
KOL RS
Kolkata
Jhargram
Hemnagar
South 24 Parganas
East Midnapur
Odisha


क्षेत्राधिकार मानचित्र
शेरथांग
सिक्किम
भूटान
कलिम्पोंग
दार्जिलिंग
नेपाल
नागरकाटा
लाकसन
चामुची
जयगाँव
बीरपाड़ा
कुलकुली
फुलबारी
पानीटंकी
जलपाईगुड़ी
अलीपुरद्वार
एनजेपी
डाबग्राम
चेंगराबांधा
हल्दीबाड़ी
कूच बिहार
असम
उत्तर
दिनाजपुर
बिहार
रायगंज
दक्षिण
दिनाजपुर
हिली
मालदा
महदीपुर
सिंघाबाद
बांग्लादेश
सीमाएं
अंतर्राष्ट्रीय सीमाएं
राज्य सीमाएं
संकेतक
एकीकृत चेक पोस्ट (आईसीपी)
भू-सीमा शुल्क स्टेशन (एलसीएस)
रेलवे स्टेशन (आरएस)
अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (आईसीडी)
झारखंड
मुर्शिदाबाद
वीरभूम
पश्चिम
बर्धमान
दुर्गापुर
नदिया
गेदे
पुरुलिया
बांकुड़ा
पूर्व
बर्धमान
रानाघाट
पेट्रापोल
उ.
प.
पू.
द.
हुगली
उत्तर 24
परगना
गोजाडांगा
हावड़ा
पश्चिम
मेदिनीपुर
कोलकाता
झाड़ग्राम
हेमनगर
दक्षिण 24
परगना
पूर्व
मेदिनापुर
उड़िशा

# PREFACE

Over the period of last 60 years, Indian Customs has continued adopting various rules & regulation to keep pace with evolving economic situation through technological intervention and infrastructures reforms for enabling *Ease of Doing Business*. Commissioner of Customs (Preventive) with full mandate is engaged in preventing smuggling of illegal goods and enhancing bilateral trade and International connectivity with bordering countries like Bangladesh, Bhutan, Nepal and the Peoples' Republic of China.

The Land Customs Stations under CC (P) W.B. are spread over the jurisdiction of this Commissionerate facilitating bi-lateral trade with each of the neighbouring countries and allow the citizens across the International Borders to pursue their visits beyond the borders on various needs like tourism, trade, education and medical emergencies. Be it by promptly clearing the cargo or by hassle-free clearance of the baggage of the International passengers, our officers and staff posted in the LCSs have been relentlessly extending their cooperation to facilitate the trade and transit to a vast community of South Asia, living in India, Nepal, Bhutan, Bangladesh and China, leading to harmonious, peaceful and prosperous co-existence. Hence the LCSs help in creating a secure and seamless environment for the flow of passengers, goods and convenes through the International Land Borders.

This booklet is a glimpse of important aspects in respect of all the functioning Land Customs Stations under CC (P) W.B. I am sure that this will provide a concise information on the Land Customs Stations in operation with a hope that it will be immensely helpful to the trade, public and the departmental officers.

(Ashutosh Awasthi)
Chief Commissioner of
Customs (Kolkata Zone)

# आमुख

पिछले 60 वर्षों की अवधि में भारतीय सीमाशुल्क व्यापार को सरल बनाने के लिए तकनीकी हस्तक्षेप और आधारभूत संरचना में सुधार के माध्यम से उभरती अर्थ व्यवस्था के आवश्यकतानुसार विभिन्न नियमों एवं विनियमों का लगातार प्रतिपादन करता रहा है । सीमा शुल्क आयुक्त (निवारक) अवैध वस्तुओं की तस्करी रोकने और सीमावर्ती देशों जैसे बांग्लादेश, भूटान, नेपाल और पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के साथ द्विपक्षीय व्यापार एवं अंतर्राष्ट्रीय संपर्क को बढ़ाने में पूर्ण समर्पण के साथ निरंतर अग्रसर है।

सीसी (पी) प.बं. के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत कई भू- सीमा शुल्क स्टेशन कार्यरत हैं, जो पड़ोसी देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार एवं अंतरराष्ट्रीय सीमा-पार के नागरिकों को पर्यटन, व्यापार, शिक्षा और आपातकालीन चिकित्सा जैसी विभिन्न जरूरतों की सुविधा प्रदान करता है। चाहे कार्गो की त्वरित निकासी हो या अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के सामानों का बाधा मुक्त परिचालन हो, भू-सीमा शुल्क स्टेशनों पर तैनात हमारे अधिकारी और कर्मचारी दक्षिण एशिया के वृहतजन-समूह जो भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और चीन में रह रहे हैं, के लिए व्यापार और पारगमन को सुविधाजनक बनाने हेतु निरंतर अपना सहयोग दे रहे हैं जिससे इन देशों का सौहार्दपूर्ण, शांतिमय व समृद्ध सह-अस्तित्व स्थापित हो रहा है। भू-सीमाशुल्क स्टेशन अंतर्राष्ट्रीय भू-सीमाओं के माध्यम से यात्रियों, वस्तुओं और मालों के प्रवाह के लिए एक सुरक्षित और निर्बाध वातावरण बनाने में मदद करते हैं।

यह पुस्तिका सीसी (पी) प. बं. के अंतर्गत प्रमुख भू- सीमा शुल्क स्टेशनों के कार्य-प्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं की एक झलक है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह कार्यशील भू-सीमा शुल्क स्टेशनों की एक संक्षिप्त जानकारी प्रदान करेगा और व्यापार, आमजन और विभागीय अधिकारियों के लिए बेहद मददगार सिद्ध होगा।

(आशुतोष अवस्थी)
मुख्य आयुक्त
सीमाशुल्क, कोलकाता क्षेत्र

# FOREWORD

The Commissionerate of Customs (Preventive), West Bengal has its jurisdiction over the states of West Bengal, Sikkim and the Union Territory of Andaman & Nicobar Islands. It traverses from the mighty Himalayas in North to the Bay of Bengal in the South. It facilitates the smooth movement of Exim Cargo in all the modes of transport i.e., air, land, sea, rail and waterways. The geo-strategically placed jurisdiction of this Commissionerate is vital in up keeping the international relations of the country as this Commissionerate shares boundaries with the Republic of Bhutan, Nepal, Bangladesh and China.

This book is aimed at with an idea to create a repository to the data pertaining to the Land Customs Sections in our jurisdiction of CC(P)W.B. The LCSs play a very vital role in facilitation of trade and transit movement of the cargo to and from the neighbouring countries. The quantum of revenue collection through Land Customs Stations has witnessed 33% rise during 2022-23 from 2021-22, and there is huge potential yet to be harnessed.

The Petrapole – Benapole ICP with Bangladesh is the largest Land Customs Station in South Asia which witnesses the movement of Rs. 30,379 Crore trade across the international borders during 2022-23. The other major LCSs are the Jaigaon-Phuntsholing LCS with Bhutan, Panitanki-Kakarvitta LCS with Nepal, Fulbari-Banglabandha, Mahadipur-Sonamasjid, Ghojadanga-Bhomra, Changrabandha-Burimari & Hili-Hili with Bangladesh. Hence the LCSs have contributed immensely to streamline the supply logistics chain through Eastern India to capture international markets by abiding to various international treaties.

I am extremely grateful to Shri Shaikh Aminkhan, Joint Commissioner, Shri Dhananjay Singh, Assistant Director (OL), Shri Kapil Krishna Bain, Supdt. and Translation Officers Mr. Manmohan Dheer, Mr. Abhishek Kumar Shaw, Mr. Rupesh Kumar Shaw for their valuable advice, co-ordination and printing assistance.

I hope and wish all the fraternity to acquaint themselves with this landscape of LCS and thereby enrich with the vast potential this mode has to offer in the EXIM terrain of India.

(Gourav Sinha)
Commissioner
Customs (Preventive) W.B.

# प्राक्कथन

सीमा शुल्क आयुक्तालय (निवारक), पश्चिम बंगाल का अधिकार क्षेत्र पश्चिम बंगाल, सिक्किम और केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पर है। यह उत्तर में विशाल हिमालय से गुजरते हुए दक्षिण में बंगाल की खाड़ी तक है। यह परिवहन के सभी साधनों अर्थात वायु, भूमि, समुद्र, रेल और जलमार्ग में एक्ज़िम कार्गो की सुचारू आवाजाही की सुविधा प्रदान करता है। इस आयुक्तालय का भू-रणनीतिक रूप से स्थित क्षेत्राधिकार देश के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को बनाए रखने में महत्वपूर्ण है क्योंकि यह आयुक्तालय भूटान गणराज्य, नेपाल, बांग्लादेश और चीन के साथ सीमा साझा करता है।

सीमा शुल्क आयुक्तालय (निवारक), पश्चिम बंगाल के हमारे अधिकार क्षेत्र में भूमि सीमा शुल्क अनुभागों से संबंधित डेटा भंडारण के विचार के साथ इस पुस्तिका की परिकल्पना की गई है । भू-सीमाशुल्क स्टेशन पड़ोसी देशों से कार्गो व्यापार और पारगमन संचलन की सुविधा में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भू-सीमा शुल्क स्टेशनों के माध्यम से राजस्व संग्रहण में 2021-22 से 2022-23 के दौरान 33% की वृद्धि देखी गई है, और अभी भी इसकी अपार संभावनाएं हैं।

बांग्लादेश के साथ पेट्रापोल-बेनापोल चेक पोस्ट दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा भू-सीमा शुल्क स्टेशन है जो 2022-23 के दौरान अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर 30,379 करोड़ रुपये के व्यापार का साक्षी है। भूटान के साथ जयगांव-फुएंतशोलिंग, नेपाल के साथ पानीटंकी-काकरविट्टा, बांग्लादेश के साथ फुलबारी-बांग्लाबांधा, महदीपुर-सोनमस्जिद, गोजाडांगा-भोमरा, चेंगराबांधा-बुरीमारी और हिली-हिली अन्य प्रमुख भू-सीमा शुल्क स्टेशन हैं। भू-सीमा शुल्क स्टेशनों ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संधियों के अनुपालन के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजारों पर पकड़ मजबूत करने के लिए पूर्वी भारत के माध्यम से आपूर्ति लॉजिस्टिक्स श्रृंखला को सुव्यवस्थित करने में बहुत योगदान दिया है।

मैं श्री शेख आमीनखान, संयुक्त आयुक्त, धनंजय सिंह, सहायक निदेशक (रा.भा), श्री कपिल कृष्ण बाईन, अधीक्षक और अनुवाद अधिकारियों श्री मनमोहन धीर, श्री अभिषेक कुमार साव, श्री रूपेश कुमार साव का उनके बहुमूल्य सलाह, समन्वय एवं मुद्रण सहायता हेतु अत्यंत आभारी हूं।

मैं आशा और कामना करता हूँ कि सभी सम्बद्ध भू- सीमा शुल्क स्टेशन के इस परिदृश्य से परिचित होंगे और भारत के एक्जिम क्षेत्र में इस प्रणाली की उपादेयता की व्यापक संभावनाओं से अवगत होंगे।

(गौरव सिन्हा)
आयुक्त
सीमाशुल्क (निवारक) प.बं.

# INDEX


| Sl. No. | LCS/RS/ICP/ICD | Page No. |
|---|---|---|
| 1. | Petrapole ICP | 08 |
| 2. | Gojadanga LCS | 10 |
| 3. | TT Shed LCS | 12 |
| 4. | Hemnagar LCS | 14 |
| 5. | Mahadipur LCS | 16 |
| 6. | Hili LCS | 18 |
| 7. | Changrabandha LCS | 20 |
| 8. | Fulbari LCS | 22 |
| 9. | Ranaghat RS LCS | 24 |
| 10 | Gede RS LCS | 26 |
| 11. | Singhabad RS LCS | 28 |
| 12. | Raiganj/Radhikapur RS LCS | 30 |
| 13. | Haldibari RS LCS | 32 |
| 14. | Jaigaon LCS | 34 |
| 15. | Birpara LCS | 36 |
| 16. | Chamurchi LCS | 38 |
| 17. | Nagrakata LCS | 40 |
| 18. | Kulkuli LCS | 42 |
| 19. | Loksan LCS | 44 |
| 20. | Panitanki LCS | 46 |
| 21. | Serathang LCS | 48 |
| 22 | Kolkata RS LCS | 50 |
| 23. | Jalpaiguri RS LCS | 50 |
| 24. | Dabgram ICD | 52 |
| 25. | Durgapur ICD | 52 |

# अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | भू-सीमाशुल्क स्टेशन/ रेलवे स्टेशन/ आईसीपी/आईसीडी | पृ. सं. |
|---|---|---|
| 1. | पेट्रापोल आईसीपी | 09 |
| 2. | गोजाडांगा भू-सीमाशुल्क स्टेशन | 11 |
| 3. | टीटी शेड भू-सीमाशुल्क स्टेशन | 13 |
| 4. | हेमनगर भू-सीमाशुल्क स्टेशन | 15 |
| 5. | महदीपुर भू-सीमाशुल्क स्टेशन | 17 |
| 6. | हिली भू-सीमाशुल्क स्टेशन | 19 |
| 7. | चेंगराबांधा भू-सीमाशुल्क स्टेशन | 21 |
| 8. | फुलबारी भू-सीमाशुल्क स्टेशन | 23 |
| 9. | रानाघाट रेलवे स्टेशन भू-सीमाशुल्क स्टेशन | 25 |
| 10. | गेदे रेलवे स्टेशन भू-सीमाशुल्क स्टेशन | 27 |
| 11. | सिंघाबाद रेलवे स्टेशन भू-सीमाशुल्क स्टेशन | 29 |
| 12. | रायगंज/राधिकापुर रेलवे स्टेशन भू-सीमाशुल्क स्टेशन | 31 |
| 13. | हल्दीबाड़ी रेलवे स्टेशन भू-सीमाशुल्क स्टेशन | 33 |
| 14. | जयगाँव भू-सीमाशुल्क स्टेशन | 35 |
| 15. | बीरपाड़ा भू-सीमाशुल्क स्टेशन | 37 |
| 16. | चामुर्ची भू-सीमाशुल्क स्टेशन | 39 |
| 17. | नागराकाटा भू-सीमाशुल्क स्टेशन | 41 |
| 18. | कुलकुली भू-सीमाशुल्क स्टेशन | 43 |
| 19. | लोकसन भू-सीमाशुल्क स्टेशन | 45 |
| 20. | पानीटंकी भू-सीमाशुल्क स्टेशन | 47 |
| 21. | शेरथांग भू-सीमाशुल्क स्टेशन | 49 |
| 22. | कोलकाता आरएस | 51 |
| 23. | जलपाईगुड़ी आरएस | 51 |
| 24. | अंतर्देशीय कंटेनर डिपो डाबग्राम | 53 |
| 25. | अंतर्देशीय कंटेनर डिपो दुर्गापुर | 53 |

# PETRAPOLE ICP



## NORTH 24 PARGANAS DISTRICT, WEST BENGAL

NOTIFIED BY NOTIFICATION NO. 63/94-CUS(NT) DATED 21.11.1994 AS AMENDED

### VOLUME OF TRADE IN 2022-23

EXPORTS - ₹ 22,372 Cr.

**MAJOR EXPORT COMMODITIES**

- Raw Cotton
- Cotton Yarn
- Fabrics
- Iron And Steel

No. of Trucks - 95660

IMPORTS - ₹ 8,007 Cr.

**MAJOR IMPORT COMMODITIES**

- Ready Made Garments
- Vegetable Oils
- Raw Jute


No. of Trucks - 47061

### INTEGRATED CHECK (ICP) PETRAPOLE (Indo-Bangladesh Border Route)

ICP Petrapole is the largest and most eventful land border in Asia with multi-model logistic facilities. The LCS is now housed in the Integrated Check Post (ICP) developed by Land Ports Authority of India (LPAI). The mirror LCS on the Bangladesh side is Benapole Land Port. ICP Petrapole overlooks international cargo and passenger's movement. This ICP is an authorized route for transit of Bangladesh export cargo destined to third countries via Kolkata Air Port and Delhi Air Cargo Complex. Passengers Bus Services through Kolkata-Dhaka and Kolkata-Dhaka-Agartala routes are operational via ICP Petrapole. BSF is the paramilitary force manning the zero point.

# पेट्रापोल एकीकृत चेक पोस्ट (आईसीपी)





**उत्तर 24 परगना जिला,**
**पश्चिम बंगाल**



☑ अधिसूचना संख्या 63/94-सीयूएस (एनटी) दिनांक 21.11.1994 यथासंशोधित द्वारा अधिसूचित

**2022-23 में व्यापार परिमाण**

निर्यात - ₹ 22,372 करोड़

**निर्यात की प्रमुख वस्तुएँ**

- कच्चा सूती
- कॉटन यार्न्स
- फैब्रिक
- आइरन एवं स्टील

ट्रक की सं. - 95660

आयात - ₹ 8,007 करोड़

**आयात की प्रमुख वस्तुएँ**

- रेडीमेड गारमेंट्स
- वनस्पति तेल
- कच्चा जूट

ट्रक की सं. - 47061

**पेट्रापोल एकीकृत चेक पोस्ट (आईसीपी) - (भारत-बांग्लादेश सीमा मार्ग)**

आईसीपी पेट्रापोल मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक सुविधाओं के साथ एशिया की सबसे बड़ी और सबसे सक्रिय भू-सीमा है। भू-सीमाशुल्क स्टेशन अब लैंड पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एलपीएआई) द्वारा विकसित इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी) में स्थित है। बांग्लादेश की ओर समरूप भू-सीमाशुल्क स्टेशन बेनापोल भू पत्तन है। आईसीपी पेट्रापोल अंतरराष्ट्रीय कार्गो और यात्रियों की आवाजाही पर नज़र रखता है। यह आईसीपी कोलकाता एयर पोर्ट और दिल्ली एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स के माध्यम से तीसरे देशों में जाने वाले बांग्लादेश निर्यात कार्गो के पारगमन के लिए एक अधिकृत मार्ग है। कोलकाता-ढाका और कोलकाता-ढाका-अगरतला मार्गों पर यात्री बस सेवाएं आईसीपी पेट्रापोल के माध्यम से प्रचालन में हैं। सीमा सुरक्षा बल जीरो पॉइंट पर निगरानी रखने वाला अर्धसैनिक बल है।

# GHOJADANGA LCS



**NORTH 24 PARGANAS DISTRICT,**
**WEST BENGAL**



- NOTIFIED BY NOTIFICATION NO. 104/72-CUS DATED 26.08.1972 VIDE NOTIFICATION NO. 63/94-CUS DATED 21.11.1994 AS AMENDED
- ESTABLISHMENT YEAR : 1972

## VOLUME OF TRADE IN 2022-23

EXPORTS - ₹ 3011 Cr.

**MAJOR EXPORT COMMODITIES**

- Maiza
- Wheat
- Stone Chips
- Fresh Fruits
- Onion

No. of Trucks - 83802

IMPORTS - ₹ 2597 Cr.

**MAJOR IMPORT COMMODITIES**

- Jute Seeking Cloth
- Jute Bag
- Plastic Items
- Saree & Lungi

No. of Trucks - 21332

**GHOJADANGA LAND CUSTOMS STATION (Indo-Bangladesh Border Route)**

Ghojadanga LCS has one authorized route for cross-border movement of international cargo and passengers. The mirror LCS on Bangladesh side is Bhomra Land Port. This LCS has been undertaken for up-gradation to ICP by LPAI. BSF is manning the Zero point. This LCS is housed in the building owned by the Department.

# गोजाडांगा भू-सीमाशुल्क स्टेशन



**उत्तर 24 परगना जिला,**
**पश्चिम बंगाल**



- अधिसूचना संख्या 104/72-सीयूएस दिनांक 26.08.1972 द्वारा अधिसूचित एवं अधिसूचना संख्या 63/94-सीयूएस दिनांक 21.11.1994 यथासंशोधित
- स्थापना वर्ष : 1972

### 2022-23 में व्यापार परिमाण

निर्यात - ₹ 3011 करोड़

**निर्यात की प्रमुख वस्तुएँ**

- मेज़
- गेहूं
- स्टोन चिप्स
- ताजे फल
- प्याज

ट्रक की सं. - 83802

आयात - ₹ 2597 करोड़

**आयात की प्रमुख वस्तुएँ**

- जूट मिश्रित कपड़ा
- जूट बैग
- प्लास्टिक की वस्तुएँ
- साड़ी एवं लुंगी

ट्रक की सं. - 21332

**गोजाडांगा भू-सीमा शुल्क स्टेशन (भारत-बांग्लादेश सीमा मार्ग)**

गोजाडांगा भू-सीमाशुल्क स्टेशन अंतरराष्ट्रीय कार्गो और यात्रियों की सीमा पार आवाजाही के लिए अधिकृत एक मार्ग है। बांग्लादेश की ओर समरूप भू-सीमाशुल्क स्टेशन भोमरा भू पत्तन है। यह भू-सीमाशुल्क स्टेशन एलपीएआई द्वारा आईसीपी में उन्नयन करने के लिए शुरू किया गया है। सीमा सुरक्षा बल जीरो प्वाइंट पर तैनात है। यह भू-सीमा शुल्क स्टेशन विभाग के स्वामित्व वाली इमारत में स्थित है।

# TT SHED LCS




## KHIDIRPUR, KOLKATA DISTRICT, WEST BENGAL

NOTIFIED BY NOTIFICATION NO. NOTIFICATION NO. 63/94-CUS DATED 21.11.1994, AS AMENDED

### VOLUME OF TRADE IN 2022-23

EXPORTS - ₹ 14959 Cr.

**MAJOR EXPORT COMMODITIES**

- Fly Ash
- Maize
- Project Goods
- Ferrous Product

No. of Barges - 5120

IMPORTS - ₹ 30 Cr.

**MAJOR IMPORT COMMODITIES**

- Traveler Luggage
- Fruit Drinks etc

No. of Barges - 01

TT Shed LCS is a riverine port situated on the Indo-Bangladesh Protocol (IBP) route in Kolkata, about 130 km inside from the border line. Export/Import consignments given customs clearance at TT Shed LCS get exit/entry though Hemnagar LCS. Destination/originating Ports on Bangladesh side are Mongla Port, Narayanganj Port, Khulna, Dhaka etc. This LCS is housed in the building owned by Kolkata Port Trust

# टीटी शेड भू-सीमा शुल्क स्टेशन




**खिदिरपुर, कोलकाता जिला, पश्चिम बंगाल**

☑ अधिसूचना संख्या 63/94-सीयूएस दिनांक 21.11.1994 द्वारा अधिसूचित यथा संशोधित

## 2022-23 में व्यापार परिमाण

निर्यात - ₹ 14959 करोड़

**निर्यात की प्रमुख वस्तुएँ**

- फ़्लाइ एश
- मक्का
- परियोजना सामान
- लौह उत्पाद

बार्ज की सं. - 5120

आयात - ₹ 30 करोड़

**आयात की प्रमुख वस्तुएँ**

- यात्री सामान
- फल पेय इत्यादि

बार्ज की सं. - 01

टीटी शेड भू-सीमाशुल्क स्टेशन एक तटीय बंदरगाह है जो कोलकाता में भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल (आईबीपी) मार्ग पर सीमा रेखा से लगभग 130 किमी अंदर स्थित है। टीटी शेड भू-सीमाशुल्क स्टेशन पर निर्यात/आयात खेपों की सीमा शुल्क निकासी को हेमनगर भू-सीमाशुल्क स्टेशन से निकास/प्रवेश मिलता है। बांग्लादेश की ओर गंतव्य/उद्गम बंदरगाह मोंगला, खुलना, नारायणगंज, ढाका बंदरगाह हैं। यह भू-सीमाशुल्क स्टेशन कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट के स्वामित्व वाली इमारत में स्थित है।

# HEMNAGAR LCS



**NORTH 24 PARGANAS DISTRICT, WEST BENGAL**

NOTIFIED BY NOTIFICATION NO. 68/2012 CUS (NT) DATE 08.08.2012 AS AMENDED

## HEMNAGAR LAND CUSTOMS STATION (Indo-Bangladesh Riverine Route)

Hemnagar LCS is a riverine port situated on the Indo-Bangladesh Protocol (IBP) route. The mirror LCS on Bangladesh side is Sheikberia Riverine Port. This LCS overlooks entry & exit of Barges for EXIM trade between India and Bangladesh. The border area is manned by BSF. This LCS is housed in a Building provided by Inland Waterways Authority of India.

# हेमनगर भू-सीमा शुल्क स्टेशन



**उत्तर 24 परगना जिला,**
**पश्चिम बंगाल**



अधिसूचना संख्या 68/2012 सीयूएस (एनटी)-दिनांक 08.08.2012 द्वारा अधिसूचित यथासंशोधित

## हेमनगर भू-सीमा शुल्क स्टेशन
## (भारत-बांग्लादेश नदी मार्ग)

हेमनगर भू-सीमाशुल्क स्टेशन एक तटीय बंदरगाह है जो भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल (आईबीपी) मार्ग पर स्थित है। बांग्लादेश की ओर समरूप भू-सीमाशुल्क स्टेशन शेखबेरिया तटीय पत्तन है। यह भू-सीमाशुल्क स्टेशन भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार के लिए बार्ज के प्रवेश और निर्गम की निगरानी करता है। सीमा क्षेत्र पर सीमा सुरक्षा बल तैनात है। यह भू-सीमाशुल्क स्टेशन भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराई गई इमारत में स्थित है।

# MAHADIPUR LCS




**MALDA DISTRICT,**
**WEST BENGAL**



☑ NOTIFIED BY NOTIFICATION NO. 63/1994 (NT)-CUS DATED 21.11.1994, AS AMENDED

## VOLUME OF TRADE IN 2022-23

EXPORTS - ₹ 3737 Cr.

**MAJOR EXPORT COMMODITIES**

- Maiza
- Wheat
- Stone Chips
- Fresh Fruits
- Onion

No. of Trucks - 89182

IMPORTS - ₹ 149 Cr.

**MAJOR IMPORT COMMODITIES**

- Jute Seeking Cloth
- Jute Bag
- Cotton Waste

No. of Trucks - 1375

**MAHADIPUR LCS (Indo-Bangladesh Border Route)**

Passage to the border gate of Mahadipur LCS is historically known as 'KOTWALI DARWAZA' which was the southern entrance into the outer ramparts of Gour Dynasty during 1235 to 1315 AD. The mirror LCS on Bangladesh side is Sonamasjid Land Port. Mahadipur LCS overlooks movement of International Cargo and Passengers. This LCS has been shortlisted for up-gradation to ICP by LPAI. The Zero point is manned by BSF. This LCS is housed in the Building owned by the Department.

# महदीपुर भू-सीमा शुल्क स्टेशन




**मालदा जिला, पश्चिम बंगाल**



☑ अधिसूचना संख्या 63/1994 (एनटी)-सीयूएस दिनांक 21.11.1994 द्वारा अधिसूचित यथा संशोधित

**2022-23 में व्यापार परिमाण**

निर्यात - ₹ 3737 करोड़

**निर्यात की प्रमुख वस्तुएँ**

- मक्का
- गेहूं
- स्टोन चिप्स
- ताजे फल
- प्याज़

ट्रक की सं. - 89182

आयात - ₹ 149 करोड़

**आयात की प्रमुख वस्तुएँ**

- जूट मिश्रित कपड़ा
- जूट बैग
- कॉटन वेस्ट

ट्रक की सं. - 1375

### महदीपुर भू-सीमाशुल्क स्टेशन (भारत-बांग्लादेश सीमा मार्ग)

महदीपुर भू-सीमाशुल्क स्टेशन के सीमा द्वार के मार्ग को ऐतिहासिक रूप से 'कोतवाली दरवाजा' के रूप में जाना जाता है, जो 1235 से 1315 ईस्वी के दौरान गौड़ राजवंश की बाहरी प्राचीर में दक्षिणी प्रवेश द्वार था। बांग्लादेश की ओर समरूप भू-सीमाशुल्क स्टेशन सोनामस्जिद भू पत्तन है। महदीपुर भू-सीमाशुल्क स्टेशन अंतर्राष्ट्रीय कार्गो और यात्रियों की आवाजाही पर नजर रखता है। इस भू-सीमाशुल्क स्टेशन को एलपीएआई द्वारा आईसीपी में अद्यतन करने के लिए चयनित किया गया है। जीरो प्वाइंट पर सीमा सुरक्षा बल तैनात है। यह भू-सीमाशुल्क स्टेशन विभाग के स्वामित्व वाले भवन में स्थित है।

# HILI LCS



**DAKSHIN DINAJPUR DISTRICT, WEST BENGAL**

☑ NOTIFIED BY NOTIFICATION NO. 63/1994 CUS (NT)- DATED 21.11.1994, AS AMENDED VOLUME OF TRADE IN 2022-23

**VOLUME OF TRADE IN 2022-23**

EXPORTS - ₹ 683 Cr.

**MAJOR EXPORT COMMODITIES**

- Onion
- Wheat
- Non Basmati Rice

No. of Trucks - 32562

IMPORTS - ₹ 252 Cr.

**MAJOR IMPORT COMMODITIES**

- P. Cerates
- S.C. Molasses
- C.R.B.

No. of Trucks - 6400

**HILI LAND CUSTOMS STATION (Indo-Bangladesh Border Route)**

Hili LCS has one authorized route. The mirror LCS on Bangladesh side is Hili Land Port. It overlooks movement of International trade Cargo and Passengers. This LCS has been shortlisted by LPAI for up-gradation to ICP. The Zero point is manned by BSF. This LCS is housed in the building owned by Department.

# हिली भू-सीमा शुल्क स्टेशन



## दक्षिण दिनाजपुर जिला, पश्चिम बंगाल



☑ अधिसूचना संख्या 63/1994 सीयूएस (एनटी)- दिनांक 21.11.1994 द्वारा अधिसूचित यथा संशोधित

**2022-23 में व्यापार परिमाण**

निर्यात - ₹ 683 करोड़

**निर्यात की प्रमुख वस्तुएँ**

- प्याज़
- गेंहू
- नॉन बासमती राइस

ट्रक की सं. - 32562

आयात - ₹ 252 करोड़

**आयात की प्रमुख वस्तुएँ**

- पी. सेरेट्स
- एस.सी. गुड़
- सी. आर. बी.

ट्रक की सं. - 6400

### हिली भू -सीमा शुल्क स्टेशन (भारत-बांग्लादेश सीमा मार्ग)

हिली भू-सीमाशुल्क स्टेशन एक अधिकृत मार्ग है। इस भू-सीमाशुल्क स्टेशन का समरूप स्टेशन बांग्लादेश की ओर हिली भू पत्तन है। यह अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कार्गो और यात्रियों की आवाजाही की निगरानी करता है । इस भू-सीमाशुल्क स्टेशन को आईसीपी में अद्यतन करने के लिए एलपीएआई द्वारा चयनित किया गया है। जीरो प्वाइंट पर सीमा सुरक्षा बल तैनात है। यह भू-सीमाशुल्क स्टेशन विभाग के स्वामित्व वाली इमारत में स्थित है।

# CHANGRABANDHA LCS



**COOCHBIHAR DISTRICT, WEST BENGAL**

☑ NOTIFIED BY NOTIFICATION NO. 63/94 CUS (NT)- DATED 21.11.1994, AS AMENDED

**VOLUME OF TRADE IN 2022-23**

EXPORTS - ₹ 1408 Cr.

**MAJOR EXPORT COMMODITIES**

- Stone Boulder
- Maize
- Rapeseed extraction
- Commercial Veneer
- Non-Basmati Paraboiled Rice

No. of Trucks - 44531

IMPORTS - ₹ 867 Cr.

**MAJOR IMPORT COMMODITIES**

- Cotton Rags
- Synthetic Net Fabrics
- Fishing Net of HDPE
- Cotton Waste
- Food Products

No. of Trucks - 16577

### CHANGRABANDHA LAND CUSTOMS STATION (Indo-Bangladesh Border Route)

Changrabandha LCS has one authorized route. The mirror LCS on Bangladesh side is Burimari Land Port. This LCS overlooks cross-border movement of trade cargo and international passenger traffic. It is also an authorized transit route for EXIM trade between Bhutan and Bangladesh through Indian Territory. This LCS has been undertaken for up-gradation to ICP by LPAI. The Zero point is manned by a dedicated battalion of BSF. It is housed in building owned by Department.

# चेंगराबांधा भू-सीमा शुल्क स्टेशन



**कूच बिहार जिला, पश्चिम बंगाल**



☑ अधिसूचना संख्या 63/94 सीयूएस (एनटी)- दिनांक 21.11.1994 द्वारा अधिसूचित

**2022-23 में व्यापार परिमाण**

निर्यात - ₹ 1408 करोड़

**निर्यात की प्रमुख वस्तुएँ**

- स्टोन बोल्डर
- मक्का
- रैपसीड एक्सट्रैक्शन
- कॉमर्शियल वेनीर
- नॉन बासमती पैराबॉयल्ड राइस

ट्रक की सं. - 44531

आयात - ₹ 867 करोड़

**आयात की प्रमुख वस्तुएँ**

- कॉटन रेज़
- सिंथेटिक नेट फैब्रिक
- एचडीपीई के कॉटन वेस्ट का फिशिंग जाल
- खाद्य उत्पाद

ट्रक की सं. - 16577


**चेंगराबांधा भू-सीमा शुल्क स्टेशन (भारत-बांग्लादेश सीमा मार्ग)**

चेंगराबांधा भू-सीमाशुल्क स्टेशन का एक अधिकृत मार्ग है। बुरीमारी भू पत्तन बांग्लादेश की ओर समरूप भू-सीमाशुल्क स्टेशन है। यह भू-सीमाशुल्क स्टेशन व्यापार कार्गो और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की सीमा पार आवाजाही की निगरानी करता है। यह भारतीय क्षेत्र के माध्यम से भूटान और बांग्लादेश के बीच व्यापार के लिए एक अधिकृत पारगमन मार्ग भी है। यह भू-सीमाशुल्क स्टेशन एलपीएआई द्वारा आईसीपी में अद्यतन करने के लिए शुरू किया गया है। जीरो प्वाइंट पर सीमा सुरक्षा बल की एक समर्पित बटालियन तैनात है। यह भू-सीमाशुल्क स्टेशन विभाग के स्वामित्व वाली इमारत में स्थित है।

# FULBARI LCS



**JALPAIGURI DISTRICT,**
**WEST BENGAL**

☑ Notified by NOTIFICATION NO. 38/1997 (NT) DATED 01.09.1997.

### VOLUME OF TRADE IN 2022-23

EXPORTS - ₹ 683 Cr.

**MAJOR EXPORT COMMODITIES**

- Stone Boulder
- Wheat
- Bran Rice

No. of Trucks - 25200

IMPORTS - ₹ 252 Cr.

**MAJOR IMPORT COMMODITIES**

- Cotton Rags
- Glass etc
- Cotton Waste
- Fishing net
- Food items
- Synthetic Net Fabrics

No. of Trucks - 2313

### FULBARI LAND CUSTOMS STATION (Indo-Bangladesh Border Route)

Fulbari LCS has one authorized route between Bangladesh-Bhutan and Bangladesh-Nepal to facilitate cross-border trade and transit. The mirror LCS on Bangladesh side is Banglabandha Land Port. This LCS overlooks movement of international trade cargo and passengers. It also facilitates export of Petroleum Products to Bangladesh from Numaligarh Refinery Ltd., Siliguri to Parbatipur (Bangladesh) through 133 km pipeline. The Zero point is manned by a dedicated battalion of BSF. It is housed in the building owned by Department.

# फुलबारी भू-सीमा शुल्क स्टेशन






जलपाईगुड़ी जिला, पश्चिम बंगाल



☑ अधिसूचना संख्या 38/1997 (एनटी) दिनांक 01.09.1997 द्वारा अधिसूचित

**2022-23 में व्यापार परिमाण**

निर्यात - ₹ 683 करोड़

**निर्यात की प्रमुख वस्तुएँ**

- स्टोन बोल्डर
- गेहूं
- ब्रान राइस

ट्रक की सं. - 25200

आयात - ₹ 252 करोड़

**आयात की प्रमुख वस्तुएँ**

- कॉटन रेज़
- ग्लास इत्यादि
- कॉटन वेस्ट
- फिशिंग नेट
- खाद्य पदार्थ
- सिंथेटिक नेट फैब्रिक्स

ट्रक की सं. - 2313

**फुलबारी भू-सीमा शुल्क स्टेशन (भारत-बांग्लादेश सीमा मार्ग)**

फुलबारी भू-सीमा शुल्क स्टेशन बांग्लादेश-भूटान और बांग्लादेश-नेपाल के बीच सीमा पार व्यापार और पारगमन के लिए एक अधिकृत मार्ग है। बंगलाबांधा भू- पत्तन बांग्लादेश की ओर समरूप भू-सीमाशुल्क स्टेशन है। यह भू-सीमाशुल्क स्टेशन अंतरराष्ट्रीय व्यापार कार्गो और यात्रियों की आवाजाही पर निगरानी रखता है। यह बांग्लादेश को नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड, सिलीगुड़ी से पारबतीपुर (बांग्लादेश) तक 133 किमी पाइपलाइन के माध्यम से पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात की सुविधा भी प्रदान करता है। जीरो पाँइंट पर सीमा सुरक्षा बल की एक समर्पित बटालियन तैनात है। यह भू-सीमाशुल्क स्टेशन विभाग के स्वामित्व वाली इमारत में स्थित है।

# RANAGHAT RAILWAY STATION LCS



**NADIA DISTRICT**
**WEST BENGAL**

NOTIFIED BY NOTIFICATION NO. 45/2010-CUS.(NT) DATED 04.10.2010, AS AMENDED

**VOLUME OF TRADE IN 2022-23**

EXPORTS - ₹ 2417.49 Cr.

**MAJOR EXPORT COMMODITIES**

**NO IMPORT THROUGH THIS ROUTE**

- Stone Boulder
- Stone Chips
- Non-basmati Rice
- Wheat
- Rice Bran Extraction
- Soyabean Extraction
- Gypsum
- Agricultural Tractor
- Pick Up Van
- Molasses
- Onion
- Fabrics

No. of Railway Rakes - 21715

**LCS RANAGHAT RAILWAY STATION (Indo-Bangladesh Railway Route)**

LCS Ranaghat RS has two authorized routes via Gede-Darshana Railway Link and Petrapole-Benapole Railway Link. This LCS overlooks export of goods to Bangladesh by rail rakes. Bangladesh export in closed containers by rail has been allowed by Board through this LCS. Safety & security of the LCS is overlooked by RPF. This LCS is housed in the Ranaghat Railway Station premises.

# रानाघाट रेलवे स्टेशन भू-सीमाशुल्क स्टेशन



**नदिया जिला, पश्चिम बंगाल**

☑ अधिसूचना संख्या 45/2010 सीयूएस (एनटी)- दिनांक 04.10.2010 यथासंशोधित द्वारा अधिसूचित

**2022-23 में व्यापार परिमाण**

निर्यात - ₹ 2417.49 करोड़

**निर्यात की प्रमुख वस्तुएँ**

- स्टोन बोल्डर
- स्टोन चिप्स
- नॉन बासमती राइस
- गेंहू
- राइस बरन एक्सट्रैक्शन
- सोयाबीन एक्सट्रैक्शन
- जिप्सम
- कृषि कार्य ट्रैक्टर
- पिक अप वैन
- गुड़
- प्याज़
- फैब्रिक्स

रेलवे रेक की सं. - 21715

**इस मार्ग से आयात नहीं**


**रानाघाट भू-सीमाशुल्क स्टेशन रेलवे स्टेशन (भारत-बांग्लादेश रेलवे मार्ग )**

रानाघाट भू-रेलवे सीमा शुल्क स्टेशन के दो अधिकृत मार्ग गेदे-दर्शना रेलवे लिंक और पेट्रापोल-बेनापोल रेलवे लिंक हैं। यह भू-सीमाशुल्क स्टेशन रेल रेक द्वारा बांग्लादेश की ओर माल के निर्यात की निगरानी करता है। इस भू-सीमाशुल्क स्टेशन के माध्यम से बोर्ड द्वारा बांग्लादेश निर्यात को रेल द्वारा बंद कंटेनरों में किए जाने की अनुमति दी गई है। आरपीएफ द्वारा भू-सीमाशुल्क स्टेशन की सुरक्षा की निगरानी की जाती है। यह भू-सीमाशुल्क स्टेशन रानाघाट रेलवे स्टेशन परिसर में स्थित है।

# GEDE RAILWAY STATION LCS



**NADIA DISTRICT**
**WEST BENGAL**

### LCS GEDE RAILWAY STATION
### (Indo-Bangladesh Railway Route)

LCS Gede Railway Station has one authorized route via Gede-Darshana Railway Link. It overlooks movement of export consignment by rail and international passengers by road. Operationalization of Land Rout Gede-Darshana border route is under progress. The international passenger train 'Maitree Express' is plying between Dhaka and Kolkata via this route. The Zero Point is manned by BSF. This LCS is housed in the Building owned by Gede Railway Station authority.

# गेदे रेलवे स्टेशन भू-सीमा शुल्क स्टेशन



**नदिया जिला, पश्चिम बंगाल**



### भू-सीमा शुल्क स्टेशन गेदे रेलवे स्टेशन
### (भारत-बांग्लादेश रेलवे मार्ग )

गेदे दर्शना रेलवे लिंक के माध्यम से गेदे भू-सीमाशुल्क स्टेशन एक अधिकृत मार्ग है। यह रेल द्वारा निर्यात खेपों और सड़क मार्ग से अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों की आवाजाही की निगरानी रखता है। गेदे-दर्शना सीमा भू-मार्ग का परिचालन प्रगति पर है। ढाका और कोलकाता के बीच अंतरराष्ट्रीय यात्री ट्रेन 'मैत्री एक्सप्रेस' इस मार्ग से चलती है। जीरो पॉइंट पर सीमा सुरक्षा बल तैनात है। यह भू-सीमाशुल्क स्टेशन गेदे रेलवे स्टेशन प्राधिकरण के स्वामित्व वाली इमारत में स्थित है।

# SINGHABAD RAILWAY STATION LCS



**MALDA DISTRICT**
**WEST BENGAL**

☑ NOTIFIED BY NOTIFICATION NO. 63/1994-CUSTOMS (NT) DATED 21.11.1994 AS AMENDED

**VOLUME OF TRADE IN 2022-23**

EXPORTS - ₹ 688.46 Cr.

**MAJOR EXPORT COMMODITIES**

- Stone Chips
- Stone Ballast
- Maize
- Fly Ash
- Rapeseed Extraction

**NO IMPORT THROUGH THIS ROUTE**

No. of Railway Rakes - 230

**LCS SINGHABAD RAILWAY STATION (Indo-Bangladesh Railway Route)**

LCS Singhabad RS has one authorized route. Only export from India to Bangladesh is operational through this rail route through Singhabad-Rohanpur Railway Link. This railway link is occasionally used for Bangladesh export to Nepal via Raxaul/Jogbani border route. The Zero Point of this route is manned by BSF. It is housed in the premises of Singhabad Railway Station.